Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 06-01-2022 अंक 106

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## कोरोना से डरना नही है, अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन है पुरी तरह से तैयार : डॉ प्रकाश ज्ञानी

### बरही सीओ एवं डीएस ने किया पीएचसी गौरियाकरमा का औचक निरीक्षण, बेड, ऑक्सीजन एवं अन्य सुविधाओं का लिया जायजा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**


कोरोना प्रबंधन का जायजा लेते बरही सीओ एवं डीएसं प्रकाश ज्ञानी

कोरोना की तीसरी लहर की आहट के साथ ही अनुमंडलीय अस्पताल बरही प्रबंधन कोरोना से निपटने के लिए हर मुमकिन प्रयास में लग गया है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी खुद म०निटि. रंग कर रहे हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेकर जरूरत के अनुसार संसाधन जुटाने में लगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने गुरुवार को गौरिया करमा पीएचसी का जायजा लेने बरही सीओ एवं डीएस प्रकाश ज्ञानी पहुंचे। उनके साथ गौरिया कर्मा पीएचसी के प्रभारी ड० सचिन कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने वहां के प्रभारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों से कोरोना को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। जायजा लेने के बाद डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि कोरोना बरही में भी अपना पांव पसार रहा है। संक्रमण का प्रसार ज्यादा नही हो उसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। एवं उनके अंतर्गत संचालित पीएचसी गौरियाकरमा में ऑक्सीजन युक्त 20 बेड की व्यवस्था की गई है। सभी ऑक्सीजन युक्त है। सभी फंक्शनल है। ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर नही उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने ऑक्सीजन सप्लाई की भी जायजा लेकर उसके उपयोग में लाने संबंधित जानकारी भी प्राप्त की। मौके पर डॉ सचिन कुमार, नारायण राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## एयरटेल टावर से 30 बैटरी की चोरी, बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडल कार्यालय के समीप ठाकुर टोला में लगे एयरटेल के मोबाइल ट०वर से 30 बैटरी की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा बुधवार की रात्रि कर ली गई। कंपनी के टेक्नी. शियन संदीप कुमार अग. वाल न्यूज़ कॉलोनी निवासी ने बरही थाना में लिखित सूचना देते हुए बताया कि गुरुवार सुबह मुझे कम्पनी से फ़ोन आया कि आपका साइड नही चल रहा है ।। जब देखने गया तो साइड पे देखा कि पी. पी.सी. का ताला टूटा हुआ है । सारा बैटरी बैंक चोरी हो गई है । अज्ञात चोरों द्वारा 24+6 पीस बैटरी एचबीएल 600ए एच बैटरी एवम 6 पीस बैटरी दूसरे साइड की भी थी। उसे भी चोरी कर ली गई। उक्त बैटरी का मूल्य 180000 रुपया बताया गया । पुलिस मौके पे पहुंच कर जाँच शुरू कर दी है। वही डीएवी स्कूल जाने वाले रास्ते क्वलिटी इन के बगल में एक बैटरी, इन्वर्टर दुकान से भी चोरी कर लेने का भी मामला प्रकाश में आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## डपोक में ग्रामसभा का आयोजन, शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो क्यूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड़ अंतर्गत डपोक पंचायत भवन में मुखिया दुखन पासवन के अध्यक्षता में ग्राम सभा का बैठक किया गया। जिसमें पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि बेहरवाटांड़ एवं पीपराटांड़ में आजादी के सात दशक बाद भी इन दो गाँवों में सड़क का निर्माण नही हो पाया है। जिसमे निर्णय लिया गया कि गरजामो में आरईओ रोड से राजू रविदास के घर से बेहरवाटांड़ होते हुए गरजामो पुलिया तक रोड एवं पुलिया के निर्माण। डपोक में पीपराटांड़ से लालकिशुन यादव के घर से आरईओ रोड तक काल. ीकरण एवं पुलिया निर्माण। वहीं डपोक में बजरंगबली मंदिर से लाली छठ घाट तक रोड निर्माण को लेकर ग्रामसभा का आयोजन हुआ। मौके पर पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया दुखन पासवन, पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव, पंचायत सचिव पोखराज यादव, अर्जुन रविदास, रमजान अंसारी, नकुल, कर्णदेव, मुकेश सोनी, लियाकत अली, स्लेहा खातुन, जागेश्वर यादव, सीताराम यादव, हेमंती देवी एवं जुबेर अंसारी मौजूद थे।

## गंभीर बीमारी से ग्रसित बरसोत के युवक का दिल्ली में ईलाज के दौरान मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के राजवार टोला निवासी सोनु राजवार पिता महादेव राजवार का निधन दिल्ली के सरकारी अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पिछले लगभग कई सालों से गंभीर बीमारी से ग्रसित था युवक के शरीर मे रक्त बनना बंद हो गया था। जिसे प्रत्येक माह उसे रक्त की आवयश्कता होती थी। कई महीनों तक मृतक का ईलाज राँची में चला। मृतक के परिजनों ने ईलाज स्तिथि को बिगड़ते देख के लिए दिल्ली ले गए जहाँ इलाज के दौरान निधन हो गया। जिसका मृतक शरीर गुरुवार को एम्बुलेंस के माध्यम से बरसोत पहुंचा। शव पहुंचते ही घर वालो का रो-रो कर बुरा हाल है। इस बात की खबर मिलते ही बरसोत मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी माहतो ने मृतक के परिजनों से मिलकर उनका ढाँढस बंधाया। जहाँ मृतक का अंतिम संस्कार गुरुवार को पैतृक गांव में किया गया।

## सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों को दिया गया सात दिवसीय प्रशिक्षण, ग्रुप संचालन की दी गई जानकारी

## बीडीओ ने जरूरतमंद को कम्बल वितरण किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र गोरहर व शिलाडीह पंचायत के गांवो में जरूरतमन्दो के बीच 200 कंबल, का वितरण बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने किया मौके पर आदर्श निकेतन युवा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव मनोज मुर्मू, भारत जकात मांझी परगना महल के बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा,वीरेंद्र हेम्ब्रम, सुरेश सिंह, महेश सिंह, राजाराम सिंह, ने कंबल वितरण में सहयोग किया गया।

APEM LIVE

### ग्राम आजीविका संगठन कार्यालिय का उद्घाटन, खाता बही का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




जेएसपीएल की ओर से आजीविका ग्राम संगठन से जुड़ी सेल्फ हेल्प की महिलाओं की सात दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हो गया। सात दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक रांची से आई नीलू देवी एव ललित देवी ने सेल्फ हेल्प ग्रुप के सफल संचालन, वितीय पोषण सहित स्वरोजगार से जुड़ने से संबंधित जानकारी दिया। प्रशिक्षण के बाद ग्राम आ. जीविका संगठन का कार्यालय का उद्घाटन किया गया। साथ ही खाता बही का भी वितरण किया गया। उद्घाटन एवं खाता बही का वितरण जीप प्रति. निधि मो कयूम, पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव एवं अर्जुन रविदास ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। मौके पर बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रति. निधि मो0 कैयूम, पंचायत समिति सदस्य उमेश कुमार यादव , म अर्जुन दास, जागेश्वर यादव, नकुल कर्णदेव, मो0 सलामत, सालेहा खातून, मो ख़ालिल, जलील अंसारी, कारू भगत, भारत सिंह, आजाद अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## 15 से 18 वर्ष के 500 छात्र और छात्राओं को दिया गया वैक्सीन

### मास्क नहीं लगाने वाले को कटेगा चालान : बीडीओ

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



बढ़ते कोरोना को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कान्हाचट्टी बी डी ओ हुलास महतो ने गुरुवार को प्रखण्ड के पाँच बैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण किया।. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने लोगो से कोरोना से मुक.ाबला करने वाले वैक्सीन के दोनों डोज लेने का आग्रह किया।उन्होंने विशेष कर सरकार द्वारा दिए जा रहे 15 से 18 वर्ष के युवकों को वैक्सीन हो रहा है।युवा आगे आएं और वैक्सिनेशन ले कर कोरोना को भगाने में मदद करें।वहीं उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोण का कहर जारी है ऐसे में लोगो से कहा है कि घर से बाहर न निकलें।यदि बहुत जरूरी काम हो तो वैसे में बिना मास्क के बाहर न निकलें।मास्क और वैकि.सनेशन जरूर कराएँ। श्री महतो ने कहा कि गुरुवार को 500 लोगो को बैक्सीनेशन किया गया। जिसमें अधिकांस युवाओं को वैक्सिनेशन किया गया।गुरुवार को सबसे ज्यादा बी के प्लस टू उच्च विद्यालय में सबसे ज्यादा छात्र छात्राओं को वैक्सीन दिया गया।वहीं जमरी में भी स्कूल में वेक्सीन पड़ा।

## दौलत महतो बीएड कॉलेज में ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



ऑनलाइन सत्र को संबोधित करते प्रो. ओमकार नाथ शर्मा

बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कोविड19 के बढ़ते प्रभाव के कारण बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन प्रो. ओमकार नाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को उनके बीएड पाठ्यक्रम एवं सत्र की अवधि में संपादित किये जाने वाले सहगामी क्रियाओं के विषय में जानकारी दी गयी। रामप्रकाश भाई पटेल ने महाविद्यालय के सचिव प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एक शिक्षक के रूप में मृदुभाषी व्यवहार एवं ज्ञान का संवर्धन को अनिवार्य बताया। प्राचार्य डॉ सुनील कु चतुर्वेदी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक हीं अपने शिक्षण कौशल से बच्चों के भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण 'भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रो कु. सवर्णा मिश्रा, बबली कुमारी, संजय चौरसिया, जितेंद्र मेहता, राघवेंद्र प्राप्त, वीरेंद्र देव, शशिभूषण देव, अशोक कु झा, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, राजेश कुमार, मो इलियास एवं संबंधित सत्र के सभी प्रशिक्षुओं की आनलाइन उपस्थिति रही।

## चौबे में 140 बच्चों को दिया गया वैक्सिंग

### उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चौबे में लगा कैंप

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिकम सिंह**



चलकुशा उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चौबे में 15 से 18 वर्ष उम्र के बच्चों को वैक्सिंग दिया गया। टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार चौधरी एसएमसी अध्यक्ष कुमार रजनीकांत एएनएम इंदु कुमारी डाटा अ०परेटर मनिंद्र कुमार ऐभीडी हीरालाल महतो सहिया दीदी सावित्री देवी सेविका भारती कुमारी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार चौधरी ने कहा कि को.विड-19 वैक्सीन हर बच्चे को लेना जरूरी है और सभी छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आसपास टोला गांव के बच्चों को कोरोना महामारी से बचाने के लिए वैक्सीन लेने की जानकारी दें। ताकि बच्चे कोरोना बीमारी से लड़ सके। उन्होंने कहा कि दुरुख के साथ कहना पड़ता है कि 15 से 18 वर्ष उम्र के बच्चे 470 हमारे विद्यालय में हैं लेकिन अभिभावक और जागरूकता के कमी के कारण मात्र 140 छात्र छात्राओं को वै.क्सीन दी गई। दुरुख के साथ कहना पड़ता है । अभिभावक लोग बच्चे को कोरोना महामारी से बचाने के लिए जागरुक नहीं कर पा रहे हैं। पुनः जनवरी को उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चौबे में कैंप लगाया जाएगा अभिभावक अपने बच्चों को जरूर को.विड-19 का वैक्सीन लगाने के लिए स्कूल भेजें। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, उपप्रमुख दुर्गा यादव, विजय चौधरी, शिक्षक धनेश्वर कुमार ,प्रदीप कुमार राणा ,कुलदीप पासवान , राजेश कुमार पा.सवान, रवि शंकर सुमन ,सीताराम प्रसाद वर्मा, अनिल कुमार चौधरी ,गणेश नायक ,भागीरथ ठाकुर ,मो. हम्मद जलील, जयराम कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पैक्स के द्वारा समय पर भुकतान नही मिलने के कारण ब्यापारियों के पास धान बेचने को मजबूर है किसान

**अपेम् लाइव**
**गावा / गिरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गांवां प्रखंड अंतर्गत आ. मतारो पंचायत के गेरवा गांव के किसान सरकार और पैक्स के गलत नीतियों के कारण निजी ब्यापारियों के पास धान बेचने को मजबूर है। किसानों का कहना है कि उन्हें मजबूर होकर सारा धान बहुत ही कम मूल्य में व्यापारी को देना पड़ता है क्योंकि पैक्स के द्वारा 6,7 महीने के बाद पैसे का भुगतान किया जाता हैं वह भी तीन या चार किस्तों में किया जाता है। किसानों का कहना है कि अगर हम इतने दिन तक इंतजार करेंगे तो हमारा घर कैसे चलेगा। उनलोगों का कहना है कि पहले यहां पर सिंचाई की व्यवस्था भी उपलब्ध था लेकिन अभी वह भी बंद हो गया। हमलोग भगवान के भरोसे हैं, अगर वर्षा नहीं हुई तो बिजली का सहारा लेना पड़ता है लेकिन हमारे यहां बिजली की स्थिति भी अच्छी नहीं है और तेल भी इतना महंगा है की इसलिए हम सब किसान सरकार से अनुरोध करते हैं की इस समस्या का कोई हल निक.ालें ताकि हमलोगों का जीवन यापन सुचारू रूप से चल सके।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरहीं क्षेत्र में हीं स्वरोजगार कीं व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरहीं में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरहीं में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरहीं के जलाशयों से सिंचाई कीं व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

दिनांक: 06-01-2022

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## गिरिडीह में ट्रक और कार की टक्कर में एक की मौत, साथी घायल

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**




धनवार थाना के खोरीमहुआ और कोडरमा मेन रोड के समीप घोड़तम्बा में गुरुवार की सुबह कार और ट्रक के टक्कर में कार ड्राइव कर रहे कुकू कुमार की मौके पर मौत हो गई. वहीं कार में सवार मृतक का साथी सूरज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया. टक्कर इतना जबरदस्त रहा की कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया. गाड़ी नंबर क्स10ब्क 5217 है जख्मी सूरज को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए धनवार नर्सिंग होम पहुंचाया. जानकारी मिलने के बाद घोड़तंबा ओपी की पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और पूरे मामले की जानक. ारी ली. जानकारी के अनुसार कोडरमा के तिलैया निवासी कुकू कुमार और सूरज कुमार तिलैया से गिरिडीह आ रहे थे. इसी दौरान कोडरमा खोरिमहुआ के घोड़तम्बा में विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से कुकू के कार की जोरदार टक्कर हो गई. जिसमे कार के आगे का हिस्सा टूटा तो मौके पर ही कुकू की मौत हो गई. इधर स्थानीय लोग जब तक घटनास्थल पहुंचते इसे पहले ही ट्रक चालक ट्रक को छोड़ कर फरार हो गया।

## कोयली में संचालित अवैध आरा मशीन को वन विभाग ने किया जब्त

**अपेम लाइव : चौपारण**



मानगढ़ पंचायत के कोयली में संचालित अवैध आरामशीन को वन विभाग की टीम ने जप्त करते हुए चिरावन के लिए रखे अवैध लड़की को जप्त किया। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी चौपारण कुडूबाडा के अगुवाई में छापेमारी अभियान चलाया गया। उक्त बातो की जानकारी देते हुए कुडूबाडा ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि कोयली के सुनसान इलाके में नदी किनारे अवैध रूप से आरामशीन संचालित है। टीम गठित कर दोपहर 12 बजे छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान आरा मशीन के अलावेभारी मात्रा में अवैध चिरान लकड़ी भी जप्त किया गया। अवैध आरामशीन के संचालन में कोयली निवासी देवकी राणा व डोभी बिहार निवासी बिट्टू राणा की संलिप्तता पाया गया है। उक्त दोनों अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई किया जाएगा। छापेमारी दल में प्रभारी वनपाल राहुल कुमार, वनरक्षी पंकज कुमार, अजीत कुमार गंझू, ओम प्रकाश शर्मा, सिकंदर नायक और होमगार्ड जवान राजकिशोर यादव, चालक सुखदेव यदाव अन्य दैनिक वन कर्मी शामिल थे ।

## विधायक ने पाण्डेयबारा पैक्स में किया धान क्रय केंद्र का उदघाटन

### किसानों में खुशी की लहर, धान बेचने में होगा सुविधा : पैक्स अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चौपारण**




पाण्डेयबारा पैक्स में धान अधिप्राप्ती केंद्र का शुभारंभ फीता काटकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, स्थानीय मुखिया रेखा देवी आदि ने किया। पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह ने सभी अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पाण्डेयबारा सहित आसपास के किसानों का मांग था कि पाण्डेयबारा पैक्स में धान क्रय केंद्र खुले। कहा हमने डीसी से कहकर पाण्डेयबारा पैक्स में धान क्रय केंद्र खुलवाया। अशोक सिंह ने कहा कि पाण्डेयबारा पंचायत सहित आसपास के किसानों में खुशी की लहर है । कहा किसानों को पाण्डेयबारा पैक्स में धान बेचने में सु. विधा होगा। मौके पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पांडेय, कृष्णा पांडेय, सतनारायण पांडेय, नारायण पांडेय, जगदीश यादव व्यास यादव, गणेश गुप्ता, उमेश साव, वीरेंद्र सिंह सुनील सिंह, नरेश सिंह, जुबेर अंसारी, मोईन अंसारी, सकलदेव साव, गुंजन सिंह, रामअवतार साव, बली सिंह, पप्पू सिंह, उदय राणा, मिनाज मेहंदी, कमल यादव, चंदन सिंह, रवि सिंह मनोरंजन पांडेय, बहादुर सिंह, छत्रधारी यादव, पप्पू नायक, गौरी साव, नरेश सिंह, चंद्रमणि साव, सोबरन साव, मनोज सिंह सहित अन्य।

## मोदी सेवा ट्रस्ट ने असहाय लोगो के बीच कम्बल वितरण किया

**अपेम लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखण्ड के मोदी सेवा ट्रस्ट ने बढ़ते ठंढ को लेकर गरीब असहाय के बीच कम्बल वितरण किया। पलोंजीया में मोदी सेवा ट्रस्ट बिरनी के द्वारा कम्बल वितरण का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरनी अंचलाधिकारी अशोक राम थे। जिसमे मुख्य रूप से वैसे लोगों को कम्बल दिया गया। जो बेसहारा जिनकी सहायता न कोई प्रतिनिधि या ग्रामीण के द्वारा किया गया। जिसमें बृद्ध, विकलांग, गूंगा, विधवा,निःसन्तान,सूरदास है इस अवसर में जुरपा, गोंगरा, बनपुरा, बिराजपुर, ढाब, पड़रिया, बा. रोटोला, बिरनी,सिमराढाब आदि गाँव के सैकड़ों लोगों के बीच कम्बल,चूड़ा,तथा गुड़ का वितरण किया गया जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल प्रसाद,सचिव अनिल मोदी, उपाध्यक्ष सचिदानन्द बर्णवाल, संरक्षक अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष जयनारायण मोदी, सुकदेव मोदी, मुन्ना बर्णवाल,नरेश मोदी, विनोद मोदी,पप्पू मोदी, राजेश बर्णवाल, रा. जेन्द्र बर्णवाल, राजेश कुमार, रविन्द्र बर्णवाल, बिट्टू, रवि, रौशन, सदानंद बर्णवाल, मुरली मोदी, संजय कुमार, सुनील बर्णवाल, गाजेन्द्र मोदी, रंजीत मोदी,आदि लोग उप. स्थित थे ।

## दादपुर पंचायत के आधा दर्जन गांवों में समाजसेवी ने बांटे कंबल

**अपेम लाइव : चौपारण**



भीषण ठंड के बीच जरूरतमंदों को सहयोग करने की भावना से ओतप्रोत होकर अनेक लोग काम कर रहे हैं ऐसे ही नेक भावना से दादपुर पंचायत के युवा समाजसेवी संजय कुमार यादव ने अपने निजी खर्च पर 100 से अधिक जरूरतमंदों के बीच दूसरे दिन भी कंबल वितरण किया। बकायदा गांव गांव जाकर छोटे से शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ठंड कब प्रकोप लगातार बढ़ता चला जा रहा है क्षेत्र में काफी गरीबी है तथा जब तक पूर्ण रूप से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। कहा हमने दादपुर पंचायत के सभी गांवों में जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया और भविष्य में सहयोग करते रहेंगे। दूसरे दिन ब्रजादास लखावार, केंदुवा, धवाया, अमरोल आदि। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो सेराज आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में परीक्षा फल हुआ जारी, शत प्रतिशत बच्चे रहे उत्तीर्ण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बच्चों के बीच परीक्षा फल का वितरण करते प्रबंधक संदीप कुशवाहा

बीएम मेमोरियल स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा फल जारी किया । जिसमें 100ः बच्चों ने सफलता हासिल की। कक्षा 5 का नवीन कुमार 96ः लाकर विद्यालय ट0पर बना वहीं कक्षा 8 की शालू कुमारी 94ः लाकर द्वितीय व कक्षा 3 की मिष्टि प्रिया 92ः लाकर तीसरे स्थान पर रही । मौके पर विद्यालय के निद. ेशक संदीप कुशवाहा ने सभी बच्चों उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। और कहा कि बड़कागांव को शिक्षा का हब बनाना है। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य अतिरिक्त गतिविधियों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। हमारे यहां के बच्चे हरे क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, एलिस टोप्पो, रश्मि बेदिया,एरिका टोप्पो, संदीप शर्मा, विनोद नायक ,मुकेश कुमार, आमीन अंसारी, मनीषा कुमारी , अनु देवी ,आंचल कुमारी, सोनू कुमार, विकास ठाकुर, अंजू कुमारी, दुर्गा देवी, गुरदयाल ठाकुर वही अभिभावकों में नरेश महतो, राकेश ठाकुर, जयवीर कुमार, त्रिभुवन कुमार सहित अन्य अभिभावक भी मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पालमो पंचायत के बंदरकुप्पी में पशु चिकित्सालय में घोर लापरवाही देखी गई



**अपेम लाइव : गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

गिरीडीह सदर प्रखंड के बंद. रकुप्पी के पास एक पशु चि. कत्सआलय में घोर लापरवाही देखी गई। पूरा 10 ाउ के रेंज में मात्र एक बंदरकुप्पी का पशु ह०स्पिटल है।मगर लापरवाही बहुत है।जब स्थनीय निवासी देवानन्द साव का पशु बहुत बीमार था।और वह जब पशु चिकित्सा के लिए नजदीक चिकित्सालय पहुँच ओर अपने पशु के लिए दवाई मांगी तो उसने पैसे की मांग की जब देवानंद जी ने कहा कि जानवरो की दवाई मुफ्त मिलती है तो आप पैसे की मांग कर रहे।उसने कहा दवाई अभी नही है। और कहा कि डाक्टर भी मौजूद नही है। स्थानीय ग्रमीणों का कहना है कि इस अस्पताल में कोई डॉक्टर या कामोटर नही है।। मगर थोड़े देर में दो व्यक्ति दिखाई देते है जो शाम को अस्पताल से दवाई अपने बाइक में दवाई को लोड कर रहा था। जब ग्रमीणों ने पूछा ये दवाई कहा से आया।उनका जबाब था कि हा दवाई है मगर ग्रमीणों को पैसा से देना। वही सुनील कुमार साव का कहना है कि यहां के पशु चिकित्शलय में एक ड०क्टर है भी वह कभी दिखाई ही नही देती ये सिर्फ 15 अगस्त और 26 जनवरी को झंडा फहराने आते है। इस क्षेत्र में ठंड से दर्जनों पशु मर चुके है। रोजाना इस क्षेत्र से दर्जनों ग्रामीणों डॉक्टर का इंतजार करके वापस घर लौट जाते है। मौके पर देवानंद साव, सुनील साव,प्रेम साव, वार्ड सदस्य प्रभकार पांडेय, राजेन्द्र साव, आदि सैकड़ो ग्रमीण उपस्तित थे।

## इंनौस एवं अखिल भारतीय किसान महासभा ने गावां में चलाया सदस्यता अभियान

**अपेम़ लाइव**
**गावा ं/ गिरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत खरसान पंचायत के ग्राम झाराढाब एवं धनेपुर में इंनौस एवं अखिल भारतीय किसान महासभा ने गुरुवार को चलाया सदस्यता अभियान। इस अभियान में मुख्य रूप से इंनौस जिला कमिटी सदस्य संजय दास एवं अखिल भारतीय किसान महासभा प्रखंड सचिव मों मुस्लिम अंसारी उपस्थित थे। इस अभियान में मुख्य रूप से शहादत दिवस की तैयारी,धान कलेक्शन एवं सदस्यता अभियान में तेजी लाने को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंनौस जिला कमिटी सदस्य संजय दास ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए सभी लोग जरूरी सतर्कता और सावधानी के तरीके को अपनाएं।खुद सतर्क रहें औ दूसरों को भी सतर्क रहने को प्रेरित करें और कोविड गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह का मतलब किसानों–मजदूरों को गोल. बंद करना और उनके हक अधिकार की आवाज को बुलंद करने का है इसीलिए शहादत दिवस की तैयारियों के क्रम में किसानों–मजदूरों और आम ग्रामीणों से सीधा संवाद रखना,उनकी समस्याओं को सुनना और बड़े पैमाने पर उन्हें संगठित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे इस दौर में किसान आंदोलन की जीत ऐतिहासिक और उल्लेखनीय है जिसने प्रचंड बहुमत की तानाशाही केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए अपने अनथक और अनवरत आंदोलन के बल पर मजबूर कर दिया। किसान आंदोलन की जीत का संदेश साफ साफ है कि जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाय। देश के तक. रीबन सभी सार्वजनिक संस्थानों यथा रेल,तेल, भेल, सेल, कोयला,एल आई सी,बैंकों के निजीकरण के खिलाफ लड़ने होंगे। श्रम विरोधी कानूनों की वापसी कराना होगा और नफरत तथा साम्प्रदायिक उन्माद और फासीवादी राजनीत को ध्वस्त करना बेहद जरूरी है तभी देश को बचाया जा सकता है। दुसरी और भारत के कुरुर और घमंडी प्रधान मंत्री को पंजाब के किसानों ने उनका कफिला रोककर कड़ा संदेश दे दिया है। मौके पर मों मकसूद आलम, जितेन्दर रबिदास, दिलिप रबिदास, नरेंश रबिदास, गोतम कुमार, लक्ष्मी देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

आज का प्ंचाङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांक :---06.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्शके---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ॠतु---हेमन्त
माह---पौष
पक्ष---शुक्ल पक्ष
तिथि---पंचमी तिथि दिन 03:57 उपरांत षष्ठी तिथि
दिनरू---शुक्रवार
नक्षत्ररू---शतभिषा नक्षत्र दिन 11:06 मिनट तक उपरांत पू.भा. नक्षत्र
योगरू---व्यतिपात
करणरू---वा
सूर्योदय ---प्रातः 06:45
सूर्यास्त संध्या 05:15
सूर्य ---धनु राशि में
चंद्रमा ---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिन---10:30 बजे से दिनरू---12: 00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटरू---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

## प्रखण्ड अपुर्ति पदाधिकारी रवि रंजन के पहल पर 50 दिव्यांगजनों के बीच कम्बल वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते लोग

सीतलहरी एवं बढ़ते ठंड को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर के प्रागंण में 50 दिव्यांग जनों के बीच प्रखण्ड अपुर्ति पदाधिकारी रवि रंजन के पहल पर कम्बल वितरण किया गया है।जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय विकलांग जिला अध्यक्ष सचिन सोनी ने किया । मौके पर बिनोद राणा, प्रकाश कुमार, विमला देवी, अजय प्रजापति, बबिता देवी मो सजिद, रामेश्वर महतो के अलावा अन्य दिव्यांग लोग उपास्थि थे।

APEM
LIVE



संदीप शर्मा

संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुड़ली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## झारखंड आंदोलनकारी शहीद बबुनी महतो का शहादत दिवस मना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



शहीद बबुनी महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देते विधायक जेपी पटेल

झारखंड आंदोलनकारी शहीद बबुनी महतो का 27वां शहादत दिवस गुरूवार को उनके पैतृक गांव चलकरी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शरीक हुए। विधायक समेत कार्यकर्ताओं ने शहीद की प्रतिमा एवं शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि मांडू विधायक ने कहा कि शहीद बबुनी महतो झारखंड अलग राज्य के लिए काफी संघर्ष किए। पूर्व विधायक टे. कलाल महतो के साथ आंदोलनों में कंधा से कंधा मिलाकर साथ दिए। झारखंड के ऐसे सपूतों के दम पर हीं आज झारखंड अलग राज्य अस्तित्व में है। प्रखंड से कई लोगों ने भी अपनी शहादत दी है। ऐसी विभ. ूतियों का स्मरण कर भाव विभोर हो जाता हूं। आज झारखंड के शहीदों के बताए गए रास्तों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होनें शहीद बबुनी महतो के साथ बचपन में बिताए दिनों को भी याद कर उन्हें पितातुल्य बताया। इसके उपरांत विधायक ने मैट्रिक के मे. धावी विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच श०ल का वितरण किया गया। मौके पर कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, गायत्री देवी, चंदन मंडल, विक्की मंडल, अंकित मंडल, खुशबू रानी भारती, गुरू प्रसाद साव, जयप्रकाश सिंह पटेल, महादेव मंडल, धानेश्वर यादव, राजेश सोनी, जीवन सोनी, अशोक भाई पटेल, सुखदेव मंडल, महेन्द्र राम, दीपक रजक, कन्हाई यादव, प्रवीण साव, नरेश यादव, सुरेश राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलन में बबुनी महतो का रहा अमूल्य योगदान : जिलाध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते झामुमो जिलाध्यक्ष समेत अन्य

शहीद बबुनी प्रशाद महतो जी का 27वां शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव चलकरी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव समेत कार्यकर्ताओं ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर शहीद के परिजनों को अंगवस्त्र भेंट किया गया। इसके अलावा लगभग दो दर्जन वृद्धों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। झमुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहीद बबुनी प्रसाद महतो पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो के सच्चे साथी थे। उन्होंने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में टेकलाल बाबू के साथ अपना बहुमूल्य योगदान दिया। आंदोलन के दौरान कई बार उन्हें जेल भी जाना पड़ा। शहीद बबुनी प्रसाद झामुमो के सच्चे सिपाही थे। लगातार तीन बार झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने सामंतवादियों के शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया और अपने क्षेत्र में गरीब गुरबों की आवाज बनते रहे। मौके पर केंद्रीय सदस्य रामप्रक. ाश भाई पटेल, टेकोचन्द महतो, बासुदेव प्रसाद महतो, जिप सदस्या यशोदा देवी, गिरजा साव, नीलेश पाठक, महताब हुसैन, संजय पटेल, रामकिशोर महतो, महेंद्र यादव, कपिलदेव चौधरी, संजय प्रजापति, राणा खान, अनुराग बर्मन, रोहित कुमार दास, त्रिलोकी रविदास, रामदेव बढ़ाई, शंकर रविदास, लोचन मंडल, सुरेश रजवार, गल्लू बाबा, रोहित पासवान, गोवर्धन मंडल, नागेंद्र मंडल, त्रिभुवन मंडल, रामधन माली, प्रमानंद पाण्डेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## जेएसएलपीएस के तहत अजीवीका सखी मंडल कार्यालय का उद्घाटन

### आत्मनिर्भर हो रही है क्षेत्र की महिलाएं : चंद्रिका

**अपेम लाइव: बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द पंचायत ग्राम इसको में जेएसएलपीएस के तहत आजीविका सखी मण्डल कार्यालय का उदघाटन नापो खुर्द पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रीका कुमार साव ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका साव ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है ,यह गौरव की बात है। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देने व मं. हलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोगों को सहयोग की आवश्यकता है। मौके पर सभी स्वयं सहायता समूह के बीच बैठक पंजी कीट का भी वितरण किया गया। सदस्यों के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों को स्वागत किया गया । वही अच्छे कार्य करने वाले समूह के लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, विनोद महतो, सविता देवी, राज. कुमार, दिनेश मुंडा, हरीनाथ मुंडा, हरि मंगल मुंडा, प्रतिमा देवी, जयंती देवी, चंचला देवी, रीता देवी,अनीता देवी, नगीना देवी समेत दर्जनों महिला–पुरुष उपस्थित थे।



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते लोग

## कोवाड़ जंगल में चार गाड़ियों के साथ लूट की घटना को दिया गया अंजाम, 2.5 लाख की लूट

**अपेम लाइव: गिरिडिह**
**रोहित कुमार**


गिरिडीह जिले के कोवाड़ जंगल में गाड़ियों के साथ फिर से लूट की घटना को अंजाम दिया गया है. घटना देर रात 12 बजे के आस–पास की बतायी जा रही है. अपराधियों ने इसी जंगल में कसियाडीह मोड़ में देर रात करीब 12 बजे 7 की संख्या में अपराधियों ने चार गाड़ियों को अपना शिकार बनाया. जानकारी के अनुसार पेड़ को गिरा कर घटना के अंजाम दिया गया था. घटना के दूसरे दिन गुरुवार को गाड़ी चालक



राजेश कुमार ने मुफ्फसिल थाने में मामला दर्ज करवाया. बताया जा रहा है कि लूट की घटना के दौरान मारपीट की गयी. जिसमें शहर के सुपर ट्रेडर्स के मालिक आशीष कंधवे के चालक राजेश का सिर फट गया है. जानकारी के अनुसार सुपर ट्रेडर्स के चालक राजेश कुमार इटखोरी से माल अनलोडिंग कर वापस आ रहा था. बताया जा रहा है कि 7 अपराधियों ने रास्ते पर पेड़ गिरा कर घटना को अंजाम दिया. तीन और गाड़ियों को लेकर अभी मामला दर्ज नहीं करवाया गया है ।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

—— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





THE MECHANICS MAINTENANCE AND REPAIRS

## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार



हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।

TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

दिनांकः 06-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## कृषक मित्रों ने किया बैठक और वनभोज कार्यक्रम प्रदेश महासचिव व जिला अध्यक्ष भी हुए शमिल

### कृषक मित्र पुरे निष्ठा से किसान हित में कार्य करें : सुभाष सिंह

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



प्रखंड के कृषक मित्रों ने मूर्तिया टांड़ में वन भोज कार्यक्रम आयोजित किया। वन भोज कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह और जिला अध्यक्ष सत्यानंद दुबे मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक व वनभोज का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र साहू, गुली सिंह भोक्ता और प्रखंड अध्यक्ष दशरथ यादव ने किया। मौके पर कृषक मित्रों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह ने कहा कि कृषक मित्र पुरे निष्ठा से किसानों के हित में काम करें। सरकार बहुत जल्द हमलोगों का मांग पूरा करने जा रही है। मुख्यमंत्री से वार्ता हुई है उन्होंने शीघ्र मानदेय लागू करने को आश्वस्त किया है। जिला अध्यक्ष सत्यानंद दुबे ने कहा कि हम सबों को संगठित रहने की जरूरत है। हमलोग संगठित रहेंगे ताकत में रहेंगे तो सरकार से अपने अधिकार को छिन लेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सतीश दास, बिनोद राम, नंदकिशोर कुमार, रामदेव रिंकी देवी, मीना देवी, राजेंद्र भुइयां, साव, ओमप्रकाश प्रसाद, सुरेश महतो, राजेंद्र यादव, रामधनी गझू, सकिंदर कुमार भोक्ता, प्रदीप सिंह, इशाक अंसारी, नरेश यादव, गौरी यादव, संजय यादव, रामजतन गांझू, अमेरिका यादव, विजय भोक्ता, प्रसिद्ध सिंह, कृष्ण भोक्ता, किशुन साव, एमडी इस्लाम, समेत सभी कृषक मित्र उपस्थित थे।

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचते ही माहौल हुआ ग्रामगीन विष्णुगढ़

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मृतक मजदूर के लिए शोक जताने पहुंचे लोग

वष्णुगढ़ थाना के गैड़ा पंचायत के बुकना गांव में गुरुवार को निजाम अंसारी का शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के पत्नी जैबून खातून को लेकर शव से लिपटकर दहाड़ मार रो रही थी। मृतक के पिता निरपू अंसारी शव को निहार–निहार बिलख रहे थे और माँ अपने बेटे के गम में बिलख रही थी। यह देखकर इकट्ठा ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीण परिजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। जानकारी के अनुसार निजाम अंसारी की आक. स्मिक मौत मंगलवार रात को मुम्बई के अंटाफिल में हो गयी थी। इस दुखद घटना को लेकर प्रवासी मजदूरसेवी सिकन्दर अली कहा कि हमारे झारखंड के हजारीबाग,गिरीडीह और बो. कारो जिले के अधिकतर पलायन कर चुके हैं। प्रवासी मजदूरों की लगातार मौते हो रही हैं, जो एक बडी चिंता का विषय हैं। इसलिए मैं झारखंड सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि मृतक परिवारों को सरकार की ओर से उचित सहयोग राशि दी जाय। इस बीच झामुमो हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव, विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, उपमुखिया जलील अंसारी, विशेश्वर यादव समेत उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढ़ांढ़स बंधाया।

## एसडीओ ने कोविड 19 को लेकर चलाया जागरूकता अभियान लोगो से सजग रहने का किया अपील।

### राज्य सरकार के द्वारा जारी कोरोना गाईडलाईन का सख्ती से करें पालन अन्यथा की जाएगी कार्रवाई :एसडीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राज्य सरकार के द्वारा जारी कोरोना गाईडलाईन के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रही है।उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर एसडीओ मुमताज अंसारी ने गुरुवार को कोरोना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।एवं डोर टू डोर मास्क चेकिंग व टीकाकरण की डोज के बारे में जानक. ारी ली वही मौके पर एसडीओ ने कई लोगों को फटकार भी लगाया।एसडीओ ने कहा कि पिछले कुछ हप्तों से कोरोना संक्रमितो की संख्या बढ़ती जा रही है।क. ोरोना के पहली एंव दूसरी लहर में लोगो को काफी मुसीबत झेलनी पड़ी है।अब कोरोना के नए वैरिएंट आ. ेमीक्रोन के कारण लोगो मे एक बार फिर भय की स्थिति बनी हुई है।पिछली बार की तरह स्थिति भयावाह न हो इसे लेकर सरकार के आदेशानुसार,प्रखंड के अंब. ेडकर चौक,बैंक परिसर, प्रखंड कार्यालय,दुर्गा मंडप परिसर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता अभियान चलाया गया।वही विभिन्न दुकानों को सख्त निर्देश दिया गया की बिना टीक. ाकरण व मास्क न पहनने वाले को समान न दें।एसडीओ ने कहा की जो भी लोग वैक्सीन नही लगाएं हैं वो जल्द लगा लें,आगे इन्होंने बैंक मैनेजर को कहा की जो लोग वै. क्सीन नही लगाएं हैं उनलोगों को खाता नही खोले।एसडीओ ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जारी कोरोना गाईड लाईन का सख्ती से पालन करें नही तो 188 के तहत मामला दर्ज करेगें। एंव मास्क जरूर लगाएं।अभियान में शामिल अंचलाधिकारी जु. ल्फिकार अंसारी,एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी,थाना प्रभारी बंटी यादव,बीसीओ मोहन कुमार एंव जिला बल के जवान शामिल थे

## पत्थर माफियो के खिलाफ जिला में बड़ी करवाई,एक दर्जन हाइवा पुलिस के कब्जे में

### चतरा उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा किया गया करवाई, बैगर चलान का जप्त किया गया लगभग एक दर्जन हाइवा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतराः हंटरगंज पुलिस एव जिला खनन पदाधिकारी ने अवैध पत्थर कारोबारी के खिलाफ अभियान चलाया गया जिससे पत्थर माफियो में हड़कंप मचा हुआ है।वाहनछुड़ाने को लेकर माफिया लगायें हुए अ०फिस के चक्कर लगाते दिखे।बताया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी ने माफियाओ की एक नही सुनी बताया गया कि न्याय संगत होगी करवाई की जाएगी।बोल्डर लदे सभी गाड़ी हंटरगंज पुलिस के कब्जे में है।वही जाँच किया जा रहा है कि बोल्डर किस जंगल से उठाया गया।झारखंड लघु नियमावली 54 के तहत निर्धारित चालान के दर से दो गुना राशि की वसूली की जायेगी ।साथ ही सभी पर मामला दर्जे किया जायेगा। और एक शपथ पत्र भी देना होगा कि भविष्य में दोबारा एसा गलती को नही दुहराया जायेगा।जाँच में बोल्डर अगर किसी जंगल से अवैध उठाव किया गया होगा तो जंगल विभाग द्वारा भी अलग मामला दर्जे किया जायेगा।इस सन्देर्भ मे जिला खनन पदाधिकारी रवि सिंह से पूछे जाने पर बोले कि जाँच किया जा रहा है।

APEM
LIVE

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी